Regarding need to set up food processing industry in Nurpur in Kangra district, Himachal Pradesh-Laid

डॉ**.** राजीव भारद्वाज **(**कांगड़ा**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कांगड़ा जिले में नूरपुर क्षेत्र में प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना के लिए माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ । नूरपुर क्षेत्र बागवान बाहुल क्षेत्र है । जहाँ आम, अमरुद, कीनू तथा लीची की अत्याधिक पैदवार है । नूरपुर क्षेत्र में ऑफ सीजन में भी आम की अच्छी फसल होती है । एक आंकडे के अनुसार आम, लीची और अमरुद फलों का सर्वाधिक उत्पादक जिला हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा है तथा सर्वाधिक क्षेत्रफल में फसल उगाने वाला जिला भी कांगड़ा ही है । इसमें नूरपुर की बहुत अहम भूमिका है । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना नुरपुर क्षेत्र में किये जाने से बागवानों के उत्पादन को अधिक मूल्य मिलेगा निश्चित रूप से अगर बागवानों के फसलों को प्रोसेस करने का अवसर मिल जाए तो मुनाफा अधिक होगा । किसानों की तरक्की भी तभी संभव है जब उन्हें उनकी फसलों का सही दाम मिले ऐसे में फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट की नूरपुर क्षेत्र में स्थापना करने से आय का एक बड़ा स्रोत होगा । इसलिए मंत्री जी से अनुरोध है कि फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट नूरपुर में लगवाने हेतु आदेश देने की कृपा करें ।